चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 13-10-25 | 12 | 2-6 |

# पीएम धन धान्य कृषि योजना में हरियाणा का नूंह जिला शामिल

## सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं

### हकृवि में रबी फसलों का तकनीकी सत्र आयोजित, किसानों को जीएसटी के बारे में किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की किसानों को जानकारी देने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार इसमें मुख्य अतिथि रहे बकि अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। तकनीकी सत्र में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम धन -धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ, कृषि और अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र पर 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास ऑनलाइन माध्यम से दिखाया गया।

**तकनीकी सत्र में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसान भी मौजूद रहे**

प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है जिसमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों का जोखिम कम करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भावांतर भरपाई योजना, मेरी फसल मेरा ब्योरा, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसान सरकार हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें।





हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलसचिव डॉ. पवन कुमार व कार्यक्रम में उपस्थित दर्शक। फोटो: हरिभूमि

### किसानों को दलहन फसल अपनाने की सलाह

अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने किसानों से परम्परागत फसलों के स्थान पर दलहनी एवं तिलहनी फसलों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा शुभारंभ किए गए दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के शुरू होने से दलहन उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि किसान कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त करने के लिए नवीनतम कृषि तकनीकों को अपनायें। उन्होंने किसानों को जीएसटी के कारण कम हुए उपकरणों के रेट के बारे में भी बताया।

### तकनीकी सत्र के दौरान कृषि वैज्ञानिकों ने दी जानकारी

तकनीकी सत्र के दौरान किसानों को विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने गेहूं व जो फसल उत्पादन, डॉ. राम अवतार ने तिलहन फसल उत्पादन, डॉ. सुनील कुमार ने चना उत्पादन तथा डॉ. सुरेश कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि परामर्श सेवा के सह निदेशक डॉ. सुनील कुमार ढांडा ने कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया जबकि डॉ. भूपेंद्र सिंह ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 13-10-25 | 12 | 7-8 |




हिसार। लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा रन एंड राईड को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# सत्या साईं जन्म शताब्दी पर हुई रन एंड राइड

■ हकृवि में श्री सत्या साईं संगठन ने किया रन एंड राइड का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में श्री सत्या साईं सेवा संगठन की ओर से श्री सत्या साईं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रन एंड राइड का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता के लिए फिट इंडिया मिशन को समर्पित रन एंड राइड को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो.वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरुक करना बहुत जरूरी है। इस रन एंड राइड का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं बल्कि देश की एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संकल्प को भी मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओ से भरा हुआ देश है।

## साइकिल चलाना सेहत के लिए लाभदायक

छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रदूषण को भी कम करता है। यह रन एंड राईड युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है। उन्होंने श्री सत्य साईं बाबा द्वारा किए गए अनेक सेवा कार्यों का उल्लेख किया।

## हजारों लोगों ने लिया भाग

संस्था के पदाधिकारी जगदीप भार्गव ने बताया कि रन एंड राईड में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। रन एंड राईड गिरी सेंटर से आरंभ होकर ऑर्गेनिक फार्म, हरसेक, सामुदायिक महाविद्यालय, एचएयू गेट नंबर 4, छोटू राम चौक, लक्ष्मी बाई चौक, मलिक अस्पताल, एचएयू गेट नंबर 2, कैंपस स्कूल, ठंडी सड़क, हरसेक से होती हुई गिरी सेंटर में पहुंची।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि.भूमि | 13.10.2- | 11 | 7-8 |

### स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव किए साझा

# हकृवि में जारी राष्ट्रीय एकता शिविर में 17 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग



**हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार**

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में एनएसएस का राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देश के विभिन्न 17 राज्यों से स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों से प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही हैं, जिसके बारे में स्वयंसेवकों ने बड़े विस्तार से जानकारी दी। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिला के विशाल प्रीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान आयोजित की जा रही सभी गतिविधियां प्रेरणादायक हैं।

## सभी गतिविधियां सराहनीय

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की वंशिका ने बताया कि वे पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में भाग ले रही हैं। शिविर के दौरान आयोजित किए जा रहे विभिन्न सत्र जीवन में नई ऊर्जा भरने वाले हैं। विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन, साफ-सफाई, हरियाली, भवन निर्माण शैली बहुत अच्छी हैं। राजस्थान के जयपुर से आए स्वयंसेवक विष्णु ने बताया कि शिविर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए सुबह 5:00 बजे उठ जाते हैं और इसके पश्चात योगा, नाश्ता, शैक्षणिक सत्र,मोटिवेशन सेशन सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम जोश भर देते हैं। सभी गतिविधियां प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। सिक्किम से आई ईशा लिंबू ने बताया कि शिविर के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक गतिविधियां एक मंच पर देखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का मैनेजमेंट और शिक्षकों का सहयोग प्रेरणादायक है। बिहार के जिला मुंगेर के कुमार रोबिन ने शिविर के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का रहन-सहन, खान-पान, और अन्य सभी गतिविधियां सराहनीय हैं।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.10.25 | 4 | 3-6 |

# एकता शिविर में झलकी सांस्कृतिक विविधता

## एचएयू में चल रहे शिविर में भाग ले रहे देश के 17 राज्यों के स्वयंसेवक

संवाद न्यूज एजेंसी

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देश के 17 राज्यों से आए स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं।

प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की रचनात्मक व प्रेरणादायक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके बारे में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए। इस दौरान शिविर में देश की विविधता की झलक नजर आई।

पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले के विशाल प्रीत सिंह ने बताया कि शिविर की सभी गतिविधियां अत्यंत प्रेरणादायक हैं। मोटिवेशन सेशन के दौरान अनुभवी वक्ताओं द्वारा दिए गए व्याख्यान नई ऊर्जा, लक्ष्य निर्धारण और आत्मविश्वास से भर देते हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की वंशिका ने कहा कि वे पहली बार एनएसएस शिविर में भाग ले रही हैं। उन्होंने बताया कि यहां आयोजित विभिन्न सत्र जीवन में नई दिशा और उत्साह प्रदान करने वाले हैं।



राष्ट्रीय एकता शिविर में विचार साझा करने वाले स्वयंसेवक। स्रोत : संस्थान

राजस्थान के जयपुर से आए विष्णु ने बताया कि शिविर का दैनिक कार्यक्रम अनुशासित और ऊर्जावान है। वे सुबह 5 बजे उठकर योग, नाश्ता, शैक्षणिक सत्र, मोटिवेशन सेशन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, जो पूरे दिन जोश से भर देते हैं। सिक्किम की ईशा लिंबू ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विविधता को एक ही मंच पर देखने और समझने का अवसर मिल रहा है।

बिहार के मुंगेर जिले के कुमार रोबिन ने बताया कि विश्वविद्यालय का वातावरण अनुशासित, सौहार्दपूर्ण और सकारात्मक है। उन्होंने कहा कि यहां का रहन-सहन, खानपान और सभी गतिविधियां बेहद सराहनीय हैं और किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 13.10.25 | 4 | 4 |

## एचएयू में सत्या साईं संगठन ने निकाली रन एंड राइड

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में श्री सत्या साईं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में सत्या साईं सेवा संगठन द्वारा रन एंड राइड का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता के लिए फिट इंडिया मिशन को समर्पित था। रन एंड राइड को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।

कुलपति ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और भाईचारे का संदेश समाज के हर व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। यह केवल साइकिल चलाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की एकता और फिट इंडिया के संकल्प को मजबूत करने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि भारत विविधताओं से भरा देश है, परंतु राष्ट्रीय एकता की भावना हमें एक सूत्र में बांधती है। संवाद

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.10.25 | 4 | 2-4 |

# रन एंड राइड का उद्देश्य फिट इंडिया के संकल्प को करना है मजबूत : प्रो. विनोद कुमार वर्मा

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में श्री सत्या साईं सेवा संगठन द्वारा सत्या साईं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रन एंड राइड का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता के लिए फिट इंडिया मिशन को समर्पित रन एंड राइड को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया।



लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार रन एंड राइड को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

कुलपति प्रो.वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। इस रन एंड राईड का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं बल्कि देश की एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संकल्प को भी मजबूत करना है। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा. एस. के. पाहुजा ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रदूषण को भी कम करता है। संस्था के पदाधिकारी जगदीप भार्गव ने बताया कि रन एंड राइड में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम वेदम वाचन से प्रारम्भ हुआ, फिर वार्म-अप व्यायाम करवाये गये। रन एंड राईड गिरी सेंटर से आरंभ होकर ऑर्गेनिक फार्म, हरसेक, सामुदायिक महाविद्यालय, एचएयू गेट नंबर 4, छोटू राम चौक, लक्ष्मी बाई चौक, मलिक अस्पताल, एचएयू गेट नंबर 2, कैंपस स्कूल, ठंडी सडक, हरसेक से होती हुई गिरी सेंटर में पहुंची। इस अवसर पर कुलसचिव डा. पवन कुमार सहित डा. अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 13.10.25 | 4 | 1-2 |

## किसान हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं : डा. पवन

हिसार • विज्ञप्ति : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की किसानों को जानकारी देने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि अनुसंधान निदेशक डा. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। तकनीकी सत्र में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम धन -धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ, कृषि और अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र पर 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास आनलाइन माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है जिसमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है।


कुलसचिव डा. पवन कुमार।

कुलसचिव डा. पवन कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है।

उन्होनें कहा कि किसान सरकार हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। इस अवसर पर अनुसंधान निदेशक डा. राजवीर गर्ग, वैज्ञानिक डा. ओपी बिश्नोई, डा. राम अवतार, डा. सुनील कुमार, डा. सुरेश कुमार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सह निदेशक डा. सुनील कुमार ढांडा, डा. भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 13.10.25 | 2 | 6-8 |

## एचएयू के गिरी सेंटर से श्रीसत्या साईं संगठन ने किया आयोजन

# फिट इंडया मिशन को समर्पित रन एंड राइड में 1000 से अधिक लोगों ने की भागेदारी



भास्कर न्यूज़ | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में श्रीसत्या साईं सेवा संगठन ने श्री सत्या साईं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रन एंड राइड का आयोजन किया। राष्ट्रीय एकता के लिए फिट इंडिया मिशन को समर्पित रन एंड राइड को लुवास कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो. विनोद वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरूक करना बहुत जरूरी है। इस रन एंड राइड का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं बल्कि देश की एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संकल्प को भी मजबूत करना है। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. एसके पाहुजा ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रदूषण को भी कम करता है। संस्था के पदाधिकारी जगदीप भार्गव ने बताया कि श्री सत्य साईं संगठन द्वारा निकाली गई इस रन एंड राइड में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम वेदम वाचन से प्रारम्भ हुआ, फिर वार्म-अप व्यायाम करवाये गए। रन एंड राइड गिरी सेंटर से आरंभ होकर ऑर्गेनिक फार्म, हरसेक, सामुदायिक महाविद्यालय, एचएयू गेट नंबर 4, छोटू राम चौक, लक्ष्मी बाई चौक, मलिक अस्पताल, एचएयू गेट नंबर 2, कैंपस स्कूल, ठंडी सड़क, हरसेक से होती हुई गिरी सेंटर में पहुंची। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी, गैर शिक्षक कर्मचारी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| | 13-10.2[illegible] | 5 | 1-2 |

दैनिक भास्कर

# शिविर में स्वयंसवकों ने देखा कई प्रदेशों का रहन-सहन

## एचएयू कैंप में 17 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग

भास्कर न्यूज | हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में एनएसएस का राष्ट्रीय एकता शिविर में देश के 17 राज्यों से स्वयंसेवक हिस्सा ले रहे हैं। इस दौरान विद्यार्थियों से प्रतिदिन विभिन्न गतिविधियां करवाई जा रही हैं, इसके बारे में स्वयंसेवकों ने बड़े विस्तार से जानकारी दी। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिला के विशाल प्रीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान आयोजित की जा रही सभी गतिविधियां प्रेरणादायक हैं। मोटिवेशन सेशन के दौरान अनुभवी व्यक्तियों द्वारा दिया जाने वाला व्याख्यान नई ऊर्जा, लक्ष्य और आत्मविश्वास भर देता है।

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की वंशिका ने बताया कि वे पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में हिस्सा ले रही हैं। इस दौरान आयोजित किए जा रहे विभिन्न सत्र जीवन में नई ऊर्जा भरने वाले हैं। विवि परिसर में अनुशासन, साफ-सफाई, हरियाली, भवन निर्माण शैली बहुत अच्छी हैं। राजस्थान के जयपुर से आए



शिविर में मौजूद स्वयंसेवक।

स्वयंसेवक विष्णु ने बताया कि शिविर की गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए सुबह 5 बजे उठ जाते हैं और इसके बाद योग, नाश्ता, शैक्षणिक सत्र, मोटिवेशन सेशन समेत विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम जोश भर देते हैं। सभी गतिविधियां प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है। सिक्किम से आई ईशा लिंबू ने बताया कि शिविर के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक गतिविधियां एक मंच पर देखने को मिल रही हैं। शिविर का मैनेजमेंट और शिक्षकों का सहयोग प्रेरणादायक है। बिहार के जिला मुंगेर के कुमार रोबिन ने शिविर के अनुभव साझा करते हुए बताया कि विश्वविद्यालय का रहन-सहन, खान-पान और अन्य सभी गतिविधियां सराहनीय हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-10-25 | 6 | 6-5 |

# सरकार की किसान हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं : कुलसचिव



कुलसचिव डॉ. पवन कुमार कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए

## पीएम धन धान्य कृषि योजना में हरियाणा का नूंह जिला शामिल, हकृवि में रबी फसलों का तकनीकी सत्र आयोजित

हिसार, 12 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के मौलिक विज्ञान एवं मानवीकी महाविद्यालय में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की किसानों को जानकारी देने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. पवन कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए जबकि अनुसंधान निदेशक डॉ. राजबीर गर्ग ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। तकनीकी सत्र में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसान भी मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा पीएम धन -धान्य कृषि योजना और दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ, कृषि और अवसंरचना कोष, पशुपालन, मत्स्य पालन और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र पर 1100 से अधिक परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास ऑनलाइन माध्यम से दिखाया गया। प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना में देश के 100 जिलों को शामिल किया गया है जिसमें हरियाणा का नूंह जिला भी शामिल है।

विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों का जोखिम कम करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, भावांतर भरपाई योजना, मेरी फसल मेरा ब्योरा, सूक्ष्म सिंचाई प्रणाली जैसी अनेक योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होनें कहा किं किसान सरकार हितैषी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठायें। अनुसंधान निदेशक डॉ. राजवीर गर्ग ने किसानों से परम्परागत फसलों के स्थान पर दलहनी एवं तिलहनी फसलों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। तकनीकी सत्र के दौरान किसानों को विभिन्न वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी जानकारी दी गई । विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. ओपी बिश्नोई ने गेहूं व जो फसल उत्पादन, डॉ. राम अवतार ने तिलहन फसल उत्पादन, डॉ. सुनील कुमार ने चना उत्पादन तथा डॉ. सुरेश कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कृषि परामर्श सेवा के सह निदेशक डॉ. सुनील कुमार ढांडा ने कार्यक्रम में सभी का धन्यवाद किया जबकि डॉ. भूपेंद्र सिंह ने मंच का संचालन किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के सभी वैज्ञानिक और किसान उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13.10.25 | | |


# हकृवि में श्री सत्या साई संगठन द्वारा रन एंड राइड आयोजित



रन एंड राइड में भाग लेते जनसमूह।

हिसार, 12 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के गिरी सेंटर में श्री सत्या साईं सेवा संगठन द्वारा श्री सत्या साईं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में रन एंड राईड का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एकता के लिए फिट इंडिया मिशन को समर्पित रन एंड राईड को लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। कुलपति प्रो.वर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लोगों को जागरुक करना बहुत जरूरी है। इस रन एंड राईड का उद्देश्य केवल साइकिल चलाना नहीं बल्कि देश की एकता, भाईचारे और फिट इंडिया के संकल्प को भी मजबूत करना है।

उन्होंने कहा कि भारत विविधताओ से भरा हुआ देश है। यहां पर अनेक भाषाएं, धर्म, संस्कृतियां और परंपराएं हैं, फिर भी हम सबको एक सूत्र में बांधने वाली शक्ति है- राष्ट्रीय एकता की भावना। यही भावना हमें भारतीय बनाती है और यही हमारी पहचान है। छात्र कल्याण निदेशक एवं कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एस. के. पाहुजा ने कहा कि साइकिल चलाना न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि प्रदूषण को भी कम करता है। यह रन एंड राईड युवाओं में स्वास्थ्य, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश देती है। उन्होनें श्री सत्य साई बाबा द्वारा किए गए अनेक सेवा कार्यों का उल्लेख किया। संस्था के पदाधिकारी जगदीप भार्गव ने बताया कि श्री सत्य साई संगठन द्वारा निकाली गई इस रन एंड राईड में 1000 से अधिक लोगों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम वेदम वाचन से प्रारम्भ हुआ, फिर वार्म-अप व्यायाम करवाये गये। रन एंड राईड गिरी सेंटर से आरंभ होकर ऑर्गेनिक फार्म, हरसेक, सामुदायिक महाविद्यालय, एचएयू गेट नंबर 4, छोटू राम चौक, लक्ष्मी बाई चौक, मलिक अस्पताल, एचएयू गेट नंबर 2, कैपस स्कूल, ठंडी सडक, हरसेक से होती हुई गिरी सेंटर में पहुंची। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ पवन कुमार सहित विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, निदेशक, वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी, गैर शिक्षक कर्मचारी और श्री सत्या साईं संगठन से डॉ. अमर सिंह सैनी, डॉ. महासिंह राणा, स्टेट सेवा कॉर्डिनेटर बलवान सिंह, अंकुश गर्ग, प्रदीप छाबड़ा, सतीश, प्रवीन नागपाल, सत्यवान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 13-10-25 | 6 | 1-3 |

# हकृवि में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर में 17 राज्यों के स्वयंसेवक ले रहे भाग




हकृवि में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के दौरान स्वयंसेवक।

हिसार, 12 अक्तूबर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय परिसर में एनएसएस का राष्ट्रीय एकता शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में देश के विभिन्न 17 राज्यों से

## पंजाब, हिमाचल, राजस्थान, सिक्किम व बिहार के स्वयंसेवकों ने अपने अनुभव किए साझा

स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान विद्यार्थियों से प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां करवाई जा रही हैं, जिसके बारे में स्वयंसेवकों ने बड़े विस्तार से जानकारी दी। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिला के विशाल प्रीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर के दौरान आयोजित की जा रही सभी गतिविधियां प्रेरणादायक हैं। उन्होंने बताया कि मोटिवेशन सेशन के दौरान अनुभवी व्यक्तियों द्वारा दिया जाने वाला व्याख्यान नई ऊर्जा, लक्ष्य और आत्मविश्वास भर देता है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले की वंशिका ने बताया कि वे पहली बार राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में भाग ले रही हैं। शिविर के दौरान आयोजित किए जा रहे विभिन्न सत्र जीवन में नई ऊर्जा भरने वाले हैं। विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासन, साफ-सफाई, हरियाली, भवन निर्माण शैली बहुत अच्छी हैं। राजस्थान के जयपुर से आए स्वयंसेवक विष्णु ने बताया कि शिविर की गतिविधियों में भाग लेने के लिए सुबह 5 बजे उठ जाते हैं और इसके पश्चात योगा, नाश्ता, शैक्षणिक सत्र,मोटिवेशन सेशन सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम जोश भर देते हैं। सभी गतिविधियां प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक है।

सिक्किम से आई ईशा लिंबू ने बताया कि शिविर के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक गतिविधियां एक मंच पर देखने को मिल रही हैं। उन्होंने बताया कि शिविर का मैनेजमेंट और शिक्षकों का सहयोग प्रेरणादायक है। बिहार के जिला मुंगेर के कुमार रोबिन ने शिविर के अपने अनुभव साझा करते हुए उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का रहन-सहन, खान-पान, और अन्य सभी गतिविधियां सराहनीय हैं। किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का वातावरण अनुशासन अनुकूल व सौहार्दपूर्ण है।